# पेशेवरों — के लिए — कुछ तथ्य

## ॲल-अनॉन और अलॉटीन के बारे में जानकारी

ॲल-अनॉन पारिवारिक ग्रुप एक सामुदायिक संसाधन हैं जो किसी रिश्तेदार या मित्र के शराब पीने से प्रभावित किसी को भी सहायता प्रदान करता है। वर्तमान में 118 देशों में 24000 से अधिक ॲल-अनॉन ग्रुप और लगभग 1500 अलॉटीन ग्रुप मीटिंग कर रहे हैं।

### ॲल-अनॉन:

- सदस्यता के लिए केवल एक ही आवश्यकता है कि प्रत्येक सदस्य किसी और के पीने के कारण से प्रभावित हुआ हो।
- किसी प्रियजन की शराब की लत से प्रभावित लोगों के लिए एक पारस्परिक सहायता ग्रुप है। सदस्य अपने अनुभवों को शेयर करने और ॲल-अनॉन कार्यक्रम को अपने जीवन में लागू करने के लिए मिलते हैं। शराबियों के जीवन साथी, व्यस्क बच्चे, माता-पिता और सहकर्मी ॲल-अनॉन में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।
- एलकोहोलिक्स एनॉनिमस से अलग संस्था है। हालांकि, ॲल-अनॉन के बारह कदम और बारह परम्पराओं का कार्यक्रम ए. ए. के बारह कदम और बारह परम्पराओं से लिया गया है।
- गैर पेशेवर, आत्मनिर्भर, आध्यात्मिक और अराजनैतिक संस्था है। ये सभी संस्कृतियों का स्वागत करता है और लगभग हर जगह उपलब्ध है।

### अलॉटीन:

- ॲल-अनॉन पारिवारिक ग्रुप्स का हिस्सा है और उन किशारों के लिए बनाया गया है जो किसी रिश्तेदार या दोस्त के शराब की लत से प्रभावित हैं।
- सदस्य वयस्क ॲल-अनॉन सदस्यों के मार्गदर्शन में अपनी मीटिंग्स आयोजित करते हैं जिन्हें उनके राज्य या प्रांत द्वारा अलॉटीन ग्रुप्स स्पॉन्सर के रूप में कार्य करने के लिए चुना/प्रमाणित किया जाता है।
- ॲल-अनॉन के बारह कदम और बारह परम्पराओं के सिद्धान्त का पालन करते हैं।

### ॲल-अनॉन और अलॉटीन के सदस्यों को सहायता और आशा मिलती है जब वे:

- नियमित रूप से मीटिंग्स में भाग लें।
- अन्य सदस्यों के साथ टेलीफोन पर संपर्क करे।
- ॲल-अनॉन/अलॉटीन साहित्य पढ़ें।
- एक व्यक्तिगत रिकवरी स्पॉन्सर रखें।
- रिकवरी/सुधार के बारह कदमों को अपने जीवन पर लागू करें।
- ॲल-अनॉन और अलॉटीन के सेवा (सर्विस) कार्य में शामिल हों।

### लोगों को ॲल-अनॉन/अलॉटीन की ग्रुप मीटिंग्स क्यों सुझाई जाती हैं:

- ताकि शराबी की लत और इसकी वजह से उनके ऊपर पड़े शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक प्रभावों के बारे में जानकारी मिले।
- इस प्रकार की समस्या वाले अन्य लोगों से मुलाकात हो।
- ॲल-अनॉन के बारह कदमों और बारह परम्पराओं का अध्ययन और अभ्यास करके अपने दृष्टिकोण और व्यवहार में सुधार कर सकें।

**मीटिंग में आने के लिए औपचारिक रेफरल या पहले से अपाईटमेंट लेने की आवश्यकता नहीं है।**

### मीटिंग की जानकारी के लिए, आप या आपका क्लाइंट:

- हमारी वेबसाइट al-anon.org पर जाएं
- ऑनलाइन सूचीबद्ध ॲल-अनॉन सूचना सेवा से संपर्क करें या एक प्रिंट टेलीफोन निर्देशिका में, या हमारी वेबसाइट al-anon.org पर।
- कई ॲल-अनॉन सदस्य नियमित रूप से मीटिंगों में भाग लेने के अलावा पेशेवर सहायता लेना जारी रखते हैं। ॲल-अनॉन और पेशेवर समुदाय के बीच की कड़ी हमेशा एक आदान-प्रदान, सहयोग और समर्थन की रही है। अधिक जानकारी के लिए, al-anon.org/surveyresults पर जाएं।

### ॲल-अनॉन मीटिंग पदनामों में शामिल हैं:

- खुली-मीटिंग्स, जिनमें ॲल-अनॉन कार्यक्रम के बारे में जानने में रूचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति, जैसे-जनता पेशेवरों और छात्रों द्वारा भाग लिया जाता है।
- बंद मीटिंग्स, जो किसी ऐसे व्यक्ति के लिए हैं जिसका जीवन किसी और के शराब पीने से प्रभावित हुआ है (ध्यान दें: प्रत्येक अलॉटीन मीटिंग्स अपने किशोर सदस्यों और वयस्क अलॉटीन ग्रुप स्पांसर तक सीमित है, जब तक कि किशोरों द्वारा जनता के लिए मीटिंग्स नहीं खोली जाती या पेशेवरों या छात्रों द्वारा अवलोकन के लिए)।
- सीमित पहुंच वाले ग्रुप्स, जो उन स्थानों पर मिलते हैं जहाँ सामान्य सदस्यता भाग लेने में सक्षम नहीं हो सकती है (उदाहरण के तौर पर औद्योगिक, सैन्य या स्कूल सेटिंग्स)।
- परिचयात्मक मीटिंग्स और प्रस्तुतियाँ, जो स्थानीय सदस्यों द्वारा सुविधाओं में आयोजित की जाती हैं, और जो संभावित नवागंतुकों को लिए ॲल-अनॉन या अलॉटीन का परिचय कराती हैं।

## अॅल-अनॉन/अलॉटीन सदस्य और ग्रुप नहीं:

- एक दूसरे को सलाह दें।
- गपशप या आलोचना में शामिल हों।
- सदस्यों के धार्मिक विश्वासों, या उनकी कमी पर चर्चा करें।
- किसी भी कारण, चिकित्सा, या उपचार का समर्थन या विरोध करें।
- परिवार के सदस्यों पर शराब की लत के नकारात्मक प्रभाव के अलावा अन्य समस्याओं के लिए सहायता प्रदान करें।

## अॅल-अनॉन/अलॉटीन आत्मनिर्भर हैं:

- सदस्यों के स्वैच्छिक योगदान के माध्यम से, सदस्यता के लिए कोई बकाया या शुल्क नहीं है। अॅल-अनॉन किसी भी बाहरी धन, अनुदान या दान को स्वीकार नहीं करता है।

## अॅल-अनॉन/अलॉटीन गुमनामियत पर आधारित कार्यक्रम है:

- सभी अॅल-अनॉन और अलॉटीन सदस्यों के साथ-साथ ए.ए. के सभी सदस्यों की पहचान सुरक्षित की जाती है।
- मीटिंग्स या सदस्य-दर-सदस्य चर्चा की गोपनीयता विश्वास और ईमानदारी की भावना को विकसित करने की अनुमति देती है।
- फोकस आध्यात्मिक सिद्धांतों पर है, न कि व्यक्तित्व पर; यह सभी सदस्यों के बीच समानता को बढ़ावा देता है।

### अॅल-अनॉन/अलॉटीन पेशेवरों के साथ निम्नलिखित प्रदान करके सहयोग करता है?

- सम्मेलनों, कार्यशालाओं और मीटिंगो के लिए वक्ता और साहित्य।
- खुली या परिचयात्मक मीटिंग्स,
- स्कूलों, कॉलेजों और सुविधाओं में मीटिंग्स या कार्यशालाएं।
- स्थानीय मीटिंग कार्यक्रम
- कई प्रकार का साहित्य और सामग्री।
- परिचयात्मक साहित्य (अधिक जानकारी के लिए, ईमेल-wso@anon.org)।

हमारे साहित्य को ऑर्डर करने के लिए AFG, Inc. की वेबसाइट al-anon.org पर जाएं। वीज़ा, मास्टरकार्ड, डिस्कवर और अमेरिकन एक्सप्रेस कार्ड स्वीकार किए जाते हैं।

## अॅल-अनॉन/अलॉटीन ग्रुप्स संचालित किये जाते है:

अॅल-अनॉन और अलॉटीन सदस्य। पेशेवर या ए.ए., सदस्य अॅल-अनॉन/अलॉटीन ग्रुप के गठन की शुरूआत कर सकते हैं। लेकिन ग्रुप के शुरू होने के बाद, सदस्य ग्रुप का संचालन करते हैं। पेशेवर और ए.ए. की भागीदारी खुली मीटिंगों तक ही सीमित होनी चाहिए।

© Al-Anon Family Group Headquarters, Inc.

**G.S.O. (General Service Office) Al-Anon**
409, Sector-A, Pocket-C, Vasant Kunj, New Delhi-110070, India
Website : www.al-anonalateenindia.org
E-mail: gso.alanon.admn@gmail.com

अॅल-अनॉन पारिवारिक ग्रुप्स

शराबियों के परिवारों और मित्रों के लिए मदद और आशा

19-3 S-37E Printed in India